**T.T. LIMITED**

(CIN: L18101DL1978PLC009241)

879, Master Prithvi Nath Marg, Opp. Ajmal Khan Park, Karol Bagh, New Delhi, 110005,INDIA

0091 11 45060708 | 1800 1035 681 | newdelhi@ttlimited.co.in | www.ttlimited.co.in


TTL/SEC/2022-23

8th September, 2022

| | |
|---|---|
| **M/s National Stock Exchange of India Ltd." Exchange Plaza"**<br>**Plot No. C/1, G Block**<br>**Bandra Kurla Complex**<br>**Bandra (E), Mumbai-400051**<br>**Ph.: 022-26598100-8114**<br><br>**Scrip Code: TTL** | **Bombay Stock Exchange Limited**<br>**Floor 35, P.J. Towers**<br>**Dalal Street**<br>**Mumbai-400001**<br>**Fax-022-22722061/41/39/37**<br><br>**Scrip Code : 514142** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Advertisement- Disclosure under Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")**

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI Listing Regulations, we enclose copies of advertisement published in newspapers viz. Open Search (English) and Open Search (Hindi) on 8th September, 2022 regarding Extraordinary General Meeting and e-Voting information in respect of Resolution contained in the Notice of Extraordinary General Meeting of the Company to be held on 3rd October, 2022

You are requested to take the above on record.

Thanking You,
Yours Sincerely

For **TT Limited**

**Pankaj Mishra**
**Company Secretary & Compliance Officer**

# Shame, Misery As Pakistan Floods Leave Many Without Toilets

**PAKISTAN: (AGENCY)**



The stench of decay hangs over a makeshift camp in Pakistan's south, where hundreds of locals have sought shelter from the devastating monsoon floods that have put nearly a third of the country under water. In Punjab province, dozens of tents are perched in the area around a small rural railway station -- the only dry land on a horizon of water, reached only by a sliver of road. The odour is a heady mix of rotting vegetation from drowned crops, leftover food scraps and garbage -- as well as the accumulated excrement of the hundreds of people and livestock gathered there. Flood-affected people wade through a flooded area with relief food bags "There is no place for showering or going to the bathroom," said Zebunnisa Bibi, forced to flee with her family two weeks ago when floodwater inundated her village. Similar tent camps have mushroomed across the south and west of the country. The worst flooding in the country's history has covered an area the size of the United Kingdom and affected 33 million people -- one in seven Pakistanis. A lack of functioning toilets at these camps is one of the biggest issues -- posing a health hazard for all, but misery in particular for women and girls. Rural Pakistan is home to extremely conservative Muslim communities, and many displaced women are having to live in close proximity to men who aren't relatives for the first time in their lives. "We used to live behind the veil, but God has removed that for us," said Zebunnisa, referring to the strict segregation between the genders that is practised in rural Pakistan.

She said she was "deeply ashamed" at having to relieve herself in the open -- especially after she caught a man watching her as she lowered her shalwar kameez behind a tree.

Shameen Bibi expressed similar sentiments. "Where can I send my daughters alone? When we squat to relieve ourselves, we get scared that some man might come."

Swarms of flies and mosquitoes add to the misery, creating an environment ripe for a breakout of disease and infection. Some women have stopped venturing into the floodwater to relieve themselves after many developed rashes. Flood-affected people shift their belongings to a safer place in Dera Allah Yar Ehsan Ayaz, a volunteer doctor who arrived at the campsite in Fazilpur as AFP visited, said the lack of toilets was "the main reason" for the rise in cases of skin infections and stomach flu he treated. Shameen and her daughters now drink as little water as possible during the day, preferring to spend hours in discomfort rather than be forced to relieve themselves where they can be seen.

When the sun sets and darkness descends on the camp, the women search for a secluded spot away from flickering campfires. They take turns to keep watch and warn away any encroaching men.

"I don't know what we can even do if someone does decide to come and take advantage of us," said Shameen.

# 2 Indian Origin Ministers In UK PM Liz Truss' New Cabinet. Details Here

**LONDON: (AGENCY)**

Britain's Indian-origin ministers in the new Cabinet, Suella Braverman and Alok Sharma, will attend their first meeting at 10 Downing Street on Wednesday under the leadership of British Prime Minister Liz Truss. For Suella Braverman, 47, it's a case of a fresh start as she moved Cabinet offices from that of the Attorney General to take on her new role as Home Secretary.

The London-born barrister and member of Parliament for Fareham in south-east England, of Tamil and Goan heritage, took charge at the Home Office soon after her appointment by Liz Truss on Tuesday evening.

"Great to be at the UK Home Office this evening to meet the team as we begin our work: making our streets safer, supporting our security services and controlling immigration," Ms Braverman tweeted.

She takes over the frontline role from fellow Indian-origin Brexiteer, Priti Patel, who resigned earlier this week after Truss was confirmed as Boris Johnson's successor at Downing Street.

The legality of Priti Patel's agreement to deport



Image tweeted by @SuellaBraverman



Image tweeted by @10DowningStreet


some asylum seekers to Rwanda in Africa is currently being examined by the High Court in England. Humanitarian groups have called for the new administration to scrap the controversial deal aimed at controlling illegal migration figures but Liz Truss backs the action, which means her new Home Secretary would have to work on implementing it. Ms Braverman also faces a tough to-do list in other major areas of Home Office responsibility, including crime and policing at a time when the number of recorded crimes stands at a record high while the proportion prosecuted is at a record low.

For Agra-born Alok Sharma, 55, it's more of the status quo as he stays in his climate action post as the President of the United Nations Climate Change Conference COP26. He had attracted much praise for his handling of the COP26 Summit in Glasgow, Scotland, last November in his advocacy for the global transition towards more sustainable and green energy sources.

# Putin Denies Using Energy As "Weapon", After Halting Gas Delivery To Europe

**MOSCOW: (AGENCY)**

Russian President Vladimir Putin on Wednesday denied that Moscow was using energy as a "weapon", days after Russia halted natural gas deliveries via a key pipeline to Europe. "They say that Russia uses energy as a weapon. More nonsense! What weapon do we use? We supply as much as required according to requests" from importers, Putin told the Eastern Economic Forum in the Pacific port city of Vladivostok.



Russian gas giant Gazprom said Friday that the Nord Stream pipeline due to reopen at the weekend after three days of maintenance would remain shut for repairs. The Kremlin says sanctions have blocked the return of a Siemens turbine that had been undergoing repairs in Canada. "Give as a turbine, we will turn Nord Stream on tomorrow, Putin said. "We are ready to do this tomorrow, just need to press a button. But we were not the ones who introduced sanctions," Putin added. Speaking about the possibility of a price cap on Russian natural gas, Putin said it was "another stupidity" and "another non-market solution with no prospects". "If European countries want to give up their competitive advantages, that's up to them," Putin said, adding that Russia is ready to cooperate with "any country". Following the imposition of economic sanctions over the Kremlin's offensive of Ukraine, Russia has reduced or halted supplies to different European nations, causing energy prices to soar.

# "No Kerosene, No Food": Sri Lanka's Fishermen Struggle To Survive

**SRI LANKA: (AGENCY)**

As the sun rose over Sri Lanka one morning in late August, around a dozen fishermen were laying out their nets on a beach in Mannar, a small island just off the country's northwestern coast, the start of the day's work. But many other fishermen in the community are unable to go to sea at all, crippled by the country's devastating economic crisis, the worst it has faced since independence in 1948.

Fuel shortages and runaway inflation mean they are struggling to procure kerosene oil, needed to power the boats that provide their livelihood. "Everything's difficult at the moment - there's no kerosene, there's no food at home," said 73-year-old Soosaipillai Nicholas, nicknamed Sornam. "We only get work if we come to the sea, otherwise we don't get any. We're starving," he said, speaking in the Tamil language. Due to his age, Sornam, who was already struggling for food before the economic crisis began, no longer goes out to sea but had come to the Thalvapadu beach to help with collecting and sorting the catch of fishermen who do manage to set out. But the shortage of kerosene has meant that others who usually would go out in boats of their own have now taken up similar work, and




so where there used to be 15 workers per boat, there are now 40. Since profits are distributed, Sornam's earnings have plunged - he says he now sometimes gets 250 Sri Lankan rupees (about 70 U.S. cents) a day, against about double that in better times. That doesn't go far with inflation currently at about 65 per cent year-on-year and food inflation at nearly 94 per cent. For months, no kerosene was available at all in Mannar as the country's foreign exchange reserves dried up and it was unable to import crude for its refineries. When supplies resumed just a couple of weeks ago, kerosene prices were nearly four times as high, as Sri Lanka began dismantling fuel subsidies. "We don't need luxury goods like petrol and diesel. For our essential work, all we need is kerosene," said Raja Cruz, the owner of the boat Sornam had come to help out with. He said some families in the areas had fled to India - less than 30 km (20 miles) from the northernmost point of Mannar island - in the hope of better prospects. Kerosene was previously sold at a subsidised price of 87 rupees per litre, about 92 US cents per gallon, and now sells at 340 rupees per litre, or $3.62 per gallon, says the government. On the black market, Cruz said, it sells for 1,800 ruppes per litre. "Kerosene price revision was a must for many years," Sri Lanka's minister for power and energy, Kanchana Wijesekera, said in a tweet last month. "With prices now on par with costs, the Govt has proposed a direct cash subsidy to low income families, fisheries & plantation sectors that depend on kerosene." But families in Mannar are yet to receive any handouts, Cruz said. Cruz also said fishermen believed wind turbines on Thalvapadu beach had driven fish away from the shore because they produced a humming sound. Due to the kerosene shortages, the fishermen couldn't go far out to sea, and so had to be content with smaller catches. Sarath Chandranayaka, a local Fisheries Department official, said authorities were aware of the allegations and were collecting data, but nothing had yet been proven.

## *Briefs News*

### Hillary Clinton Says She Will Not Run For US President In 2024

**WASHINGTON: (AGENCY)**

Former US Secretary of State Hillary Clinton on Tuesday said that she will not be running for President again, following her two failed bids in 2008 and 2016. Ms Clinton was speaking at a news channel, where she was asked by the anchor if the leader would ever run for President again. "No, no," she said, as quoted by The Hill. "But I'm going to do everything I can to make sure that we have a President who respects our democracy and the rule of law and upholds our institutions," she added. The anchor further asked Hillary Clinton, "What if Donald Trump runs again?" The former US Secretary of State responded that Mr Trump would not fit into that category and that "he should be soundly defeated" if he runs again. Hillary Clinton was defeated by Donald Trump in the 2016 presidential election. During the 2016 election cycle, Ms Clinton was plagued in scandal following the revelation that she had a private email server while serving as Secretary of State during the Barack Obama administration, prompting a lengthy FBI probe, Fox News reported. Donald Trump has been teasing another run for President in 2024, and according to The Hill, polls show that he has a good shot of clinching the Republican nomination. Ms Clinton has said that she would endorse President Biden if he runs for reelection the same year.



# Intel On Foreign Nation's Nuclear Readiness Found At Trump's Home: Report

**WASHINGTON: (AGENCY)**

One of the classified documents seized by the FBI at former US president Donald Trump's Florida residence described the nuclear capabilities and military defenses of a foreign power, The Washington Post reported Tuesday. The newspaper, citing unnamed sources familiar with the case, said that some of the documents found in Trump's Mar-a-Lago residence were so highly classified that only the president and cabinet or near-cabinet level officials would be cleared to authorize other government officials to access them. It did not name the country whose defense and nuclear capabilities were cited in the document. According to the Post, such documents



require special clearances on a need-to-know basis, rather than a generic top-secret clearance. There were no details as to where in the residence, which also serves as a private members club, the highly sensitive material was found, or under what type of security. Trump is facing mounting legal pressure, with the Justice Department saying top secret documents were "likely concealed" to obstruct an FBI probe into Trump's potential mishandling of classified materials. When agents searched the Mar-a-Lago resort on August 8, they found material so sensitive that "even the FBI counterintelligence personnel and DOJ attorneys conducting the review required additional clearances before they were permitted to review certain documents," a government court filing said. The FBI raid came after a review of "highly classified" records that Trump finally surrendered to authorities in January after months of back and forth with the National Archives and Records Administration. The 15 boxes handed over by Trump were found to contain 184 documents marked as confidential, secret or top secret. After prompting from the FBI, Trump's lawyer eventually turned over an additional 38 classified documents -- and provided "sworn certification" that they represented the last of the material. But the FBI went on to uncover "multiple sources of evidence" showing classified documents remained at Mar-a-Lago.

# Vedant Patel, First Indian-American To Hold Daily US State Department Press Briefing

**WASHINGTON: (AGENCY)**

Vedant Patel, the Principal Deputy Spokesperson for the US Department of State, has scripted history by becoming the first Indian-American to hold the daily State Department press briefing, earning plaudits from senior White House officials for his "utmost pro-




fessionalism" and "amazing debut". With State Department Spokesperson Ned Price on vacation, the 33-year-old Patel from California on Tuesday appeared at the briefing room in the Foggy Bottom headquarters of the State Department to represent the country on foreign policy issues before the media.

During his briefing, Mr Patel covered topics ranging from Russia's unlawful invasion of Ukraine, negotiations around the Iranian nuclear issue and Liz Truss becoming the Prime Minister of the United Kingdom. His next in-person briefing is scheduled for Wednesday.

Vedant Patel made an impressive debut from the podium. "Kudos to" Vedant Patel on his podium debut, tweeted Matt Hill, senior Associate Communications Director at the White House. "Representing the United States on the world stage is a huge responsibility, and Vedant did it with the utmost professionalism and clear communication," Matt Hill said. Pili Tobar, former White House deputy communications director said: "It's so great to see Vedant Patel at the podium". "Congrats my friend on an amazing debut," she tweeted.

Vedant Patel, who was born in Gujarat, is a graduate of the University of California, Riverside, and has previously served as an Assistant Press Secretary and Spokesperson for President Joe Biden in the White House. Prior to that, he served as a spokesperson on the Presidential Inaugural Committee and the Biden-Harris Transition. He also held communications positions on the Biden Campaign both in the primary and general elections. Previously, Mr Patel worked as Communications Director to Congresswoman.

**T T LIMITED**

**(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)**
**879, Master Prithvi Nath Marg, Karol Bagh, New Delhi – 110005**
**Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@tttlimited.co.in;**
**TEL: +91-11-45060708**

**NOTICE OF THE EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING (EGM) AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that:

1. The EGM will be held on Monday, 3rd October, 2022 at 11:00 A.M. IST through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020 and 02/2022 dated 8th April 2020, 13th April, 5th May 2020, and 05th May, 2022 respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular/s") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020 and circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/ P/2021/11 dated 15th January 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13 May 2022 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circular"), and without the physical presence of the Members at a common venue.

   In terms of MCA Circular/s and SEBI Circular, the Notice of the EGM has been sent to all the Members whose e-mail addresses are registered with the Company / Registrar and Share Transfer Agent / Depository Participants(s). The requirements of sending physical copy of the Notice of EGM to the Members have been dispensed with vide MCA Circular/s and SEBI Circular. Members are hereby informed that the said EGM Notice is also available on the Company's website at **www.ttlimited.co.in**, website of the Bombay Stock Exchange at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange at **www.nseindia.com** respectively. The Company will also provide a facility of e-voting to members during the EGM, who have not cast their vote by remote e-voting. The Company has entered into an arrangement with CDSL for providing the remote e-voting and e-voting during the EGM.
2. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 26th September 2022 may cast their vote electronically, as set out in the Notice of EGM electronic voting system ("remote e-voting") of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). All the Members are informed that:
   (i) the Special Business, as set out in the Notice of EGM, will be transacted through voting by electronic means;
   (ii) the remote e-Voting shall commence on Friday, 30th September, 2022 at 9:00 A.M. IST;
   (iii) the remote e-Voting shall end on Sunday, 02nd October, 2022 at 05:00 P.M. IST. The remote e-voting shall be disabled for voting by CDSL after 05.00 p.m. IST.
   (iv) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the EGM, is 26th September, 2022;
   (v) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of EGM by email and holding shares as on the cut-off date i.e. 26th September, 2022, may obtain the login ID and password by sending a request at e-mail: **helpdesk.evoting@cdslindia.com**.
   (vi) In case of any queries or issues regarding attending EGM / e-voting, members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under help section.
   (vii) those Members holding shares in physical form, whose email addresses are not registered with Company, may register their email address by sending, scanned copy of a signed request letter mentioning name, folio number and complete address, self attested scanned copy of the PAN Card; and self attested scanned copy of any document (such as AADHAR Card, Driving License, Election Identity Card, Passport) in support of the address of the Member as registered with Company, by email to Company email id: **investors@ttlimited.co.in** Members holding shares in demat form can update their email address with their Depository Participant.

**By Order of the Board of Directors**
**For TT Limited**
**Sd/-**
**Pankaj Mishra**
**Company Secretary**

**Place: New Delhi**
**Date: 07.09.2022**

# एक नज़र

## हाई कोर्ट ने कहा- सगाई नहीं देता शारीरिक संबंध बनाने का अधिकार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि सगाई या मंगनी होना लड़की को सहमति के बिना मंगेतर को शारीरिक संबंध बनाने का अधिकार नहीं देता है। हाई कोर्ट ने मंगेतर की जमानत की अर्जी को नामंजूर कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लड़की की मर्जी के बिना उससे शारीरिक संबंध बनाए गए हैं। ऐसे में याची अग्रिम जमानत का हकदार नहीं है। याचिका दाखिल करते हुए करनाल निवासी मंगेतर ने हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत की मांग की है। याची ने बताया कि उसकी पीड़िता से जनवरी 2022 में मंगनी हुई थी।

इसके बाद जून में वह एक होटल में रुके थे जहां दोनों के बीच संबंध बने। याची ने बताया कि उसका विवाह दिसंबर में लड़की से तय था लेकिन इससे पहले उसे पता चला कि उसकी होने वाली पत्नी के कई पुरुष दोस्तों से प्रेम संबंध रहे हैं। इसके बाद याची ने विवाह के लिए मना कर दिया। याची के मना करने के बाद लड़की ने 23 जुलाई को दुष्कर्म का केस याची पर दर्ज करवा दिया। याची ने कहा कि दोनों की सहमति से संबंध बने हैं, ऐसे में इसे दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। पीड़ित पक्ष की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि याची ने कई बार पीड़िता से संबंध बनाने का दबाव बनाया लेकिन उसने मना कर दिया था।

## परिवार ने जिसे मृत मान 3 वर्ष पहले कर दिया था क्रिया कर्म, अब जिंदा देख भावुक हुए स्वजन

**यमुनानगर (एजेंसी)** जिसे मृत समझकर तीन वर्ष पहले परिवार ने क्रिया कर्म कर दिया था। उसे स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने तलाश लिया। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव मझुआ निवासी 50 वर्षीय तेजपाल यहां सरस्वतीनगर के गांव मगरपुर स्थित निआसरे दा आसरा आश्रम में रह रहा था। मंगलवार को उसका परिवार यहां पर पहुंचा और उसे अपने साथ लेकर गया। स्टेट क्राइम ब्रांच यूनिट के इंचार्ज जगजीत सिंह ने बताया कि दो माह से वह तेजपाल के स्वजनों की तलाश में लगे हुए थे। उसकी काउंसलिंग में केवल मझुआ उत्तर प्रदेश का पता लग रहा था।

इस गांव के बारे में पता लगाने में काफी समय लगा। जब गांव का पता लग गया, तो वहां के सरपंच से बात की। जिसके बाद उन्होंने तेजपाल के परिवार से बात कराई। वीडियो कालिंग कर शिनाख्त कराई गई। इसके बाद ही परिवार को यहां पर बुलाया गया। तेजपाल मानसिक रूप से बीमार है। तीन वर्ष पहले वह प्रतापनगर में लावारिस हालात में मिला था। उसके परिवार के बारे में कोई पता नहीं लगा। वह इधर उधर घूमता रहता था। फिर उसे निआसरे दा आसरा के संचालक जसकीरत सिंह आश्रम में लेकर आ गए। इसके बाद से ही वह यहां रह रहा था। वहीं से स्टेट क्राइम ब्रांच को पता लगा। जिसके बाद यूनिट इंचार्ज जगजीत सिंह ने उसकी काउंसलिंग कर नाम-पता जाना।

## लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले युवक का अपहरण, जुलाना में अपहरणकर्ताओं की गाड़ी पलटी

**जींद (एजेंसी)** जींद के गांव घिमाना में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले युवक का मंगलवार देर रात को महिला के स्वजनों ने दालमवाला अस्पताल के निकट से अपहरण कर लिया। युवक के अपहरण का पता चलते ही डीएसपी रोहताश ढुल, डीएसपी नरसिंह व सिविल लाइन थाना प्रभारी डा. सुनील कुमार मौके पर पहुंच गए। जहां पर पुलिस ने प्रत्येक मार्ग पर नाकाबंदी कर दी। सूचना के आधार पर जींद-रोहतक मार्ग पर पुलिस ने अपहरणकताओं की गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। अपहरणकर्ताओं ने गाड़ी की स्पीड को बढ़ा दिया और वह अनियंत्रित होकर जुलाना के निकट खेतों में पलट गई। इसमें अपहरण हुए युवक सहित पांच अपहरणकर्ता घायल हो गए।

बाद में पुलिस ने अपनी गाड़ी के माध्यम से घायलों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद करके तीन-चार अन्य के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। गांव घिमाना निवासी सोनू ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके छोटे भाई वीरेंद्र के संपर्क में झज्जर जिले के गांव जसौरखेड़ी निवासी किरण आई थी। जहां पर पहले आपस में बातचीत करते थे, लेकिन एक माह पहले दोनों ने लिव-इन रिलेशनशिप का सर्टिफिकेट बनवाया लिया, लेकिन बाद में आसौदा थाने में बैठकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया था।

## कुरुक्षेत्र की महिला से मनाली के होटल में दुष्कर्म, पुलिस ने जींद से गिरफ्तार किया रोहतक निवासी आरोपित

**कुल्लू (एजेंसी)** पर्यटन नगरी मनाली में कुरुक्षेत्र की एक महिला के साथ दुष्कर्म हुआ था। मनाली पुलिस ने आरोपित रोहतक के युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला ने कुरुक्षेत्र पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी कि रोहतक का रहने वाला एक युवक उसे बहला फुसला कर मनाली ले गया था। युवक ने मनाली में बहला फुसलाकर उसके साथ दुषकर्म किया। घटना हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में मनाली पुलिस थाना के क्षेत्राधिकार में होने के कारण कुरुक्षेत्र पुलिस ने यह केस ट्रांसफर किया। मनाली पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी।

आरोपित युवक जिला रोहतक का रहने वाला है जो फरार हो चुका था। वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक गुरदेव शर्मा के दिशा निर्देशों से पुलिस थाना मनाली और साइबर सेल कुल्लू की एक संयुक्त टीम आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए संगठित की गई और हरियाणा को रवाना किया गया। टीम में एएसआई दलीप सिंह पुलिस थाना मनाली, इंद्र देव, मोहन, शामिल थे। टीम ने आरोपित युवक को सफिडान जिला जींद से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित को पकड़कर मनाली ले आई है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक कुल्लू गुरदेव शर्मा ने की है। उन्होंने बताया दुष्कर्म का आरोपित मनाली से फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम ने हरियाणा से गिरफ्तार कर मनाली लाया। आरोपित

# हरियाणा का नटवरलाल, बड़े नेताओं के साथ फोटो दिखा ठगे करोड़ों

## ये है हरियाणा का नटवरलाल, बड़े नेताओं के साथ फोटो दिखा ठगे करोड़ों

**समालखा, पानीपत (एजेंसी)**

हरियाणा का नटवरलाल। नाम नरेंद्र चौधरी। आम आदमी छोड़िए यूनिवर्सिटी में वीसी की चाहत रखने वाले प्रोफेसर, दूरदर्शन और गवर्नर हाउस में नौकरी का सपना देखने वाले इसके शिकार बन गए। ठगी का जाल राजनेताओं से संबंध बनाकर रचता था। बहादुरगढ़ एसटीएफ ने पकड़ा, हरियाणा पुलिस की बहादुरगढ़ एसटीएस ने समालखा के गांव हल्दाना के रहने वाले नरेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ऐसा नटवरलाल है।

जो बड़े नेताओं के साथ अपनी सीधी जान पहचान व पहुंच का ढोंग कर लोगों को बड़े पदों पर आसीन करवाने का लालच दे करोड़ों रुपये ठग चुका है। एसटीएफ द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। आरोपित गांव में लोगों को अपना मेडिकल ट्रेड लाइन का कारोबार बताता था। फरीदाबाद में भी केस दर्ज, अभी तक की पूछताछ में आरोपित ने दिल्ली से लेकर असम व हरियाणा में ठगी की करीब आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। उसके खिलाफ हाल ही में फरीदाबाद में ठगी का केस दर्ज हुआ था।



**ठगी का जाल राजनेताओं से संबंध बनाकर रचता था। बहादुरगढ़ एसटीएफ ने पकड़ा, हरियाणा पुलिस की बहादुरगढ़ एसटीएस ने समालखा के गांव हल्दाना के रहने वाले नरेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ऐसा नटवरलाल है।**

बहादुरगढ़ एसटीएफ इंचार्ज इंस्पेक्टर विवेक मलिक को एक सीक्रेट इन्फार्मेशन मिली थी। जिस पर सीनियर अधिकारियों की सुपरविजन में कार्य करते हुए उनकी टीम ने इस नटवरलाल को धर दबोचा।

बड़े नेताओं के साथ फोटो दिखा बनाता था प्रभाव, सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक पकड़ा गया नरेंद्र चौधरी पहले तो सामने वाले व्यक्ति पर बड़े-बड़े नेताओं के साथ अपने फोटो दिखा कर अपना प्रभाव जमाता। फिर यह प्रस्तुत कर्ता कि मेरे लिंक बहुत ऊपर तक हैं। मैं आसानी से पैसे लेकर कोई भी काम करवा देता हूं। इसके बाद ये लोगों को अपने राजनीतिक पहुंच के भ्रमजाल में फंसा कर किसी को विश्वविद्यालय का वीसी लगवाने के नाम पर ठग चुका है तो किसी को नौकरी दिलवाने के नाम पर। एसटीएफ की पूछताछ में अब आरोपित ठगी का राज खोल रहा है। गांव में बताता था मेडिकल लाइन का कारोबार, एसटीएफ के हत्थे चढ़ा नटवरलाल नरेंद्र चौधरी करीब 15 सालों से गांव में नहीं रहता है। गांव में उसका एक बेटा जरूर रहता है। वो भी बड़ी बड़ी गाडियों में चलता है। करीब 10 दिन पहले नरेंद्र के पिता मांगे राम का बीमारी के बाद निधन हो गया था। पिता के निधन के चलते वो गांव में आया हुआ था। जो लोगों को अपना मेडिकल ट्रेड लाइन का कारोबार बता रहा था। बड़े नेताओं के साथ वो अकसर अपने संबंधों का जिक्र जरूर लोगों के सामने भी करता था। उसके पिता ने एक बार फरीदाबाद लोकसभा से सांसद का चुनाव भी लड़ा था। अब नरेंद्र का कारनामा सामने आने पर गांव के लोग भी हैरान है। ये लोग बने आरोपित नटवरलाल नरेंद्र चौधरी की ठगी का शिकार, दिल्ली युनिवर्सिटी के प्रोफेसर तरुण गुप्ता से 40 लाख रुपये श्रीनगर युनिवर्सिटी उत्तराखंड में वाइस चांसलर के पद पर नियुक्त कराने के नाम पर लिए है। प्रोफेसर तरुण गुप्ता के ही जानकार दिल्ली युनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर से 40 लाख रुपये कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी में वाइस चासंलर के पद पर नियुक्ति कराने के नाम पर लिए है। कानपुर के प्रोफेसर राकेश त्रिवेदी से राजस्थान यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर पद पर नियुक्त कराने के लिए 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

रिटायर्ड डीजी, दूरदर्शन विभाग गुहाटी से केंद्र सरकार के जल शक्ति विभाग में बड़े पद पर नियुक्त कराने की एवज में 12 लाख रुपये लिए हैं। फरीदाबाद कोर्ट में तैनात एक एडीए से 9 लाख रुपये में सीपी आफिस फरीदाबाद में ट्रांसफर कराने की एवज में लिए है। भिवानी एरिया के एक फौजी से उसके लड़के को गवर्नर हाउस में नौकरी लगवाने की एवज में 5 लाख रुपये लिए है। शाहबाद के जसबीर को बैंक से एक करोड़ का लोन दिलवाने की एवज में 4 लाख रुपये लिए हैं। पंचकूला के एक व्यक्ति को नौकरी लगवाने की एवज में 7 लाख रुपए लिए। जिस संबंध में सेक्टर 14 में केस दर्ज है।

# इस बार पंजाब के खेतों में न जले पराली, इसलिए 10,000 अधिकारी करेंगे रखवाली

**पटियाला (एजेंसी)**

पराली से खुशहाली लाने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इस बार खेत में पराली न जले, इसके लिए पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। धान की पराली जलाने के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पीपीसीबी ने राज्य भर में 10,000 से अधिकारियों की जिम्मेवारी तय की है।

ये अधिकारी 15 सितंबर से ही वायु गुणवत्ता की निगरानी शुरू कर देंगे। चूंकि इस बार धान की फसल की बुआई पहले होने के कारण कटाई भी जल्दी होगी। ऐसे में पराली जलाने का सिलसिला सितंबर में ही शुरू हो सकता है। प्रदूषण बढ़ेगा तो हलचल दिल्ली तक होगी। वैसे भी हमेशा दिल्ली सरकार पराली से प्रदूषण बढ़ने का आरोप पंजाब सरकार पर ही मढ़ देती थी। अब दोनों जगह आप की ही सरकार है। दिल्ली सरकार की तरफ से पंजाब पर आरोप भी नहीं लगाया जा सकेगा। ऐसे में आम आदमी पार्टी के लिए प्रदूषण पर नियंत्रण करना बड़ी चुनौती होगी।



**पीपीसीबी के मेंबर सेक्रेटरी करुणोश गर्ग ने कहा कि बोर्ड किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक कर रहा है। इसके तहत गांवों में जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। वहीं पराली जलाने वाले किसानों के फर्द में रेड एंट्री भी की जा रही है।**

इस बार राज्य में 31.5 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई की गई है। इससे 2 करोड़ टन से अधिक पराली होने की उम्मीद है। धान फसल की बुआई तय तारीख से करीब एक हफ्ता पहले शुरू हो गई थी तो पराली जलाने का सिलसिला भी सितंबर के अंत की बजाय मध्य से ही शुरू हो सकता है। इसी के चलते पीपीसीबी ने कृषि विभाग के साथ 15 सितंबर से वायु गुणवत्ता की निगरानी शुरू करने का फैसला किया है।

सरकार की तरफ से भी किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनें फसल की कटाई से पहले मुहैया करवाने की कोशिश की जा रही है, ताकि वह पराली न जलाएं। राज्य में करीब 65,000 किसानों ने सब्सिडी वाली फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के लिए आवेदन भी किया है। ये मशीनें किसानों को मुहैया कराई जाएंगी। पीपीसीबी के मेंबर सेक्रेटरी करुणोश गर्ग ने कहा कि बोर्ड किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक कर रहा है। इसके तहत गांवों में जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। वहीं, पराली जलाने वाले किसानों के फर्द में रेड एंट्री भी की जा रही है। जागरूकता के चलते इस सीजन में पराली जलाने के मामलों में कमी आने की संभावना है।

## पंजाब शिक्षा बोर्ड ने सितंबर टर्म एग्जाम की डेटशीट की जारी, 27 सितंबर से होंगी परीक्षाएं

**लुधियाना (एजेंसी)**

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर 2022 टर्म परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के प्राइमरी, अपर प्राइमरी और सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के लिए संयुक्त तौर पर डेटशीट तैयार की गई है।

सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को बोर्ड ने हिदायतें जारी की है इसका पालन यकीनी करने की बात कही है। प्राइमरी कक्षाओं की परीक्षाएं एक अक्तूबर से शुरू होकर सात अक्तूबर तक जारी रहेंगी जबकि अपर प्राइमरी कक्षा छठी से 10वीं तक की परीक्षाएं 27 सितंबर से शुरू होकर 7 अक्तूबर तक तथा सीनियर सेकेंडरी कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं की परीक्षाएं 27 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेंगी। वहीं स्कूल प्रिंसिपल्स अपने स्तर पर 11वीं और बारहवीं कक्षाओं की चल रही स्ट्रीम अनुसार अन्य पेपर्स की डेटशीट तैयार करेंगे लेकिन उन्हें यह हिदायत दी जाएं कि परीक्षाएं 10 अक्तूबर तक ले ली जाए। पीएसईबी ने परीक्षाओं के लिए हिदायतें जारी की है जिसमें कहा गया है कि कक्षा छठी से बारहवीं कक्षाओं के लिए परीक्षा का सिलेबस 31 अगस्त तक कराए सेशन में ही आएगा। परीक्षा सुबह और शाम के



सेशन में चलेंगी। सुबह का सेशन 8:30 बजे से होगा जबकि शआम का सेशन सुबह के सेशन की परीक्षा खत्म होने के आधा घंटा बाद में शुरू किया जाए। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र स्कूल प्रमुख अपने स्तर पर तैयार कराएंगे और प्रश्न पत्र बोर्ड की ओर से जारी अंकों की बांट पर आधारित होंगे। परीक्षा का पैट्र्न पीएसईबी की ओर से जारी नए पैट्र्न मुताबिक होगा।

## मेयर बलकार संधू ने जोनल कमिश्न से रिकवरी की जानकारी मांगी, एजेंडे में 277 प्रस्ताव

**लुधियाना (एजेंसी)**

नगर निगम फाइनेंस एंड कान्ट्रैक्ट कमेटी बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इस बैठक में विकास कार्यो से संबंधित कुल 277 प्रस्तावों को रखा गया है। बैठक शुरू होते मेयर बलकार सिंह संधू ओर निगम कमिश्नर शेना



अग्रवाल ने जोनल कमिश्नर से रिकवरी के बारे में पूछना शुरू किया। सबसे पहले जोन डी के जोनल कमिश्नर से अभी तक रिकवर किए पैसों की जानकारी देने को कहा है। गौरतलब है कि नगर निगम के खजाने की हालत यह है कि बीते 2 माह से कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं है।

बैठक में करीब 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे जाएंगे। हालांकि निगम कमिश्नर ने पहले ही निर्देश जारी कर दिए हैं कि बजट से बाहर कोई प्रस्ताव पारित नहीं होगा। पार्षद वही काम कमेटी के पास भेजें जो बहुत जरूरी हैं। इसमें बड़ा सवाल यह है कि खजाने में वेतन देने के लिए पैसा नहीं है तो विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये कहां से आएंगे। मेयर हाउस में होने जा रही बैठक के लिए एफएंडसीसी कमेटी के पास 277 प्रस्तावों का एजेंडा जारी हो चुका है। इनमें फायर बिग्रेड को अपडेट करने के लिए 24 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है, इस प्रस्ताव में सामान खरीदने के साथ 150 ऊपर जाने वाली लैडर को भी खरीदा जाना है। वहीं, बीते साल ताजपुर डंप के पास आग लगने से एक परिवार के सात लोगों की मौत हो गई थी। पूरे परिवार में सिर्फ एक बेटा ही बचा है। एनजीटी की तरफ से उसे 57.50 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश पारित किए हुए हैं।

इस राशि को एक अलग खाते में रखने का प्रस्ताव भी एफएंडसीसी में रखा जाना है। इसके अलावा जमालपुर डंप से 25 लाख टन कचरा साफ करने का प्रस्ताव रखा जा रहा है। इस योजना पर 166 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 25 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और बाकी 75 प्रतिशत निगम और पंजाब सरकार को खर्च करना है।

# दिल्ली में रिक्शा चलाने वाला बना लिमिटेड कंपनी का मालिक, राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

बचपन से अलग करने की ललक और कड़े संघर्ष ने रिक्शा चालक को लिमिटेड कंपनी का मालिक बना दिया। जी हां आप बिल्कुल ठीक पढ़ रहे हैं। यह मुकाम पाने वाले धर्मवीर कंबोज राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। धर्मवीर कंबोज ने मल्टी प्रो मशीन का अविष्कार किया है।

अब उनकी बनाई मशीन देश ही नहीं विदेश में भी पहुंच रही है। राष्ट्रपति अवार्डी धर्मवीर कंबोज ने चंडीगढ़ सेक्टर-26 स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नीकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (निट्टर) में आयोजित दो दिवसीय एग्जीबिशन एंड वर्कशाप में पहुंचे थे, जहां उन्होंने सबके सामने अपने संघर्ष और मेहनत के बूते पर पाए मुकाम की बातों को साझा किया। बता दें कि ग्रामीण इलाकों के कारीगर, अविष्कारकर्ता और किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए निट्टर सेक्टर-26 ने दो दिवसीय एग्जीबिशन और वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस वर्कशाप में धर्मवीर कंबोज मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। धर्मवीर ने बताया कि जब वह छठी कक्षा में पढ़ते थे तब पहली बार उन्होंने जुगाड़ से हीटर बनाया था। हीटर भले ही बना दिया लेकिन परीक्षा में फेल हो गया था। इसके बाद नौवीं और दसवीं कक्षा में धर्मवीर फेल हुए। जब कालेज पहुंचे तो बहन और मां बीमार हो गई और पढ़ाई छोड़नी पड़ गई थी। पढ़ाई छोड़ने के बाद लंबे समय तक घर पर रहा और उसके बाद शादी करके परिवार पालने के दिल्ली चला गया। दिल्ली में रिक्शा चलाने लगा। रिक्शा चलाने के साथ मैंने जड़ी-बूटियों का व्यापार शुरू कर दिया जहां से अच्छी आमदन होने लगी। वर्ष 2007 में आंवले का जूस निकालने के लिए एक मशीन बनाई, जिसे धीरे-धीरे अपडेशन मिलती रही और वह आज मल्टी प्रो मशीन बन चुकी है। मल्टी प्रो मशीन निर्माण के लिए और ग्रामीण इलाकों में जाकर काम करने के लिए धर्मवीर को 2009 में राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिल चुका है। धर्मवीर कंबोज ने बताया कि मुझे दुनियादारी की समझ नहीं थी लेकिन घर चलाने के लिए जब दिल्ली में जाकर रिक्शा चलाने लगा तो कुछ नया करने की ललक ने मुझे रुकने नहीं दिया।


**T T LIMITED**

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
879, Master Prithvi Nath Marg, Karol Bagh, New Delhi – 110005
Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@ttlimited.co.in;
TEL: +91-11-45060708

**NOTICE OF THE EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING (EGM) AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that:

1. The EGM will be held on Monday, 3rd October, 2022 at 11:00 A.M. IST through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020 and 02/2022 dated 8th April 2020, 13th April, 5th May 2020, and 05th May, 2022 respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular/s") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020 and circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/ P/2021/11 dated 15th January 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13 May 2022 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circular"), and without the physical presence of the Members at a common venue.
   In terms of MCA Circular/s and SEBI Circular, the Notice of the EGM has been sent to all the Members whose e-mail addresses are registered with the Company / Registrar and Share Transfer Agent / Depository Participants(s). The requirements of sending physical copy of the Notice of EGM to the Members have been dispensed with vide MCA Circular/s and SEBI Circular. Members are hereby informed that the said EGM Notice is also available on the Company's website at www.ttlimited.co.in, website of the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com and National Stock Exchange at www.nseindia.com respectively. The Company will also provide a facility of e-voting to members during the EGM, who have not cast their vote by remote e-voting. The Company has entered into an arrangement with CDSL for providing the remote e-voting and e-voting during the EGM.
2. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 26th September 2022 may cast their vote electronically, as set out in the Notice of EGM electronic voting system ("remote e-voting") of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). All the Members are informed that:
   (i) the Special Business, as set out in the Notice of EGM, will be transacted through voting by electronic means;
   (ii) the remote e-Voting shall commence on Friday, 30th September, 2022 at 9:00 A.M. IST;
   (iii) the remote e-Voting shall end on Sunday, 02nd October, 2022 at 05:00 P.M. IST. The remote e-voting shall be disabled for voting by CDSL after 05.00 p.m. IST.
   (iv) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the EGM, is 26th September, 2022;
   (v) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of EGM by email and holding shares as on the cut-off date i.e. 26th September, 2022, may obtain the login ID and password by sending a request at e-mail: helpdesk.evoting@cdslindia.com.
   (vi) In case of any queries or issues regarding attending EGM / e-voting, members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section.
   (vii) those Members holding shares in physical form, whose email addresses are not registered with Company, may register their email address by sending, scanned copy of a signed request letter mentioning name, folio number and complete address, self attested scanned copy of the PAN Card; and self attested scanned copy of any document (such as AADHAR Card, Driving License, Election Identity Card, Passport) in support of the address of the Member as registered with Company, by email to Company email id: investors@ttlimited.co.in Members holding shares in demat form can update their email address with their Depository Participant.

By Order of the Board of Directors
For TT Limited
Sd/-
Pankaj Mishra
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 07.09.2022


# 30 साल पुराने फर्जी एनकाउंटर मामले में पंजाब के दो पुलिस अफसरों को उम्रकैद, तीन युवकों को मारा था

**गुरदासपुर (एजेंसी)**

पंजाब में 30 साल पहले तीन युवकों को फर्जी मुठभेड़ में मारने के मामले में अदालत ने दो पुलिस अधिकारियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

दो युवकों को अपने परिवार के साथ बस में जाते समय उतार कर पुलिसकर्मी ले गए थे। वहां एक और युवक को पहले से ही पकड़ कर रखा गया था और बाद में तीनों को फर्जी एनकाउंटर में मार डाला गया। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया, गुरदासपुर की अदालत ने सुनाया फैसला, गुरदासपुर के अतिरिक्त सेशन जज हरमिंदर सिंह



राय की अदालत ने 30 साल पुराने इस महत्वपूर्ण मामले में फर्जी एनकाउंटर करने वाले दो पुलिस अधिकारियों को उम्र कैद और पांच-पांच लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा पाने वाले मुलाजिमों में थाना डेरा बाबा नानक में तैनात तब के सहायक सब इंस्पेक्टर चनन सिंह और सहायक सब इंस्पेक्टर तरलोक सिंह शामिल है। इस मामले में शिकायतकर्ता कलनौर के अलावलपुर की महिला लखबीर कौर ने अदालत में याचिका दायर की थी।शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 मार्च 1993 को दोपहर के समय वह अपने बेटे बलविंदर सिंह के साथ बस में सवार होकर गांव भोमा से वापस आ रही थी। इसी बस में उनके जानकार विरसा सिंह, उसकी पत्नी सुखविंदर कौर और उसका बेटा बलजिंदर सिंह उर्फ लाटू भी सफर कर रहे थे। उसने बताया कि बस तलवंडी रामा के बस स्टैंड पर रुकी तो अचानक थाना डेरा बाबा नानक के एसएचओ बलदेव सिंह, कांस्टेबल चनन सिंह, कांस्टेबल निर्मल सिंह और कुछ अन्य पुलिस मुलाजिम बस में आ घुसे। उन्होंने जबरदस्ती उनके बेटे बलविंदर सिंह और साथ सफर कर रहे नौजवान बलजिंदर सिंह को बस में से उतार लिया। जब इस के बारे में पुलिस को पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह नौजवान आतंकी है।

महिला ने बताया कि पुलिस उन्हें डेरा बाबा नानक थाने में ले गई। परिवार और गांव वाले थाना डेरा बाबा नानक में गए और नौजवान को बेकसूर बताते हुए रिहा करने की मांग की मगर उनकी कोई नहीं सुनी गई। उस समय पुलिस ने थाने में बलविंदर सिंह नामक के एक अन्य नौजवान भी बिठाया हुआ था।